# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 01.11.2024** **समय : 1905**

- केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दो हजार बाईस–तेईस के लिए आवेदन करने का आह्वान किया है।
- कृषि मंत्रालय की ओर से द्वीपसमूह में कृषि और बागवानी फसलों के लिए यूटी बीज उप–समिति का पुनर्गठन किया गया है।
- चौरा, कर्ल्, ईस्ट ननकौड़ी, नारकोंडम, नॉर्थ पैसेज, पिलोमिलो, स्टीवर्ट स्ट्रेट, थिलांगचांग द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन को समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना के मसौदे के लिए हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है।
- श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दो हजार बाईस–तेईस के लिए आवेदन करें। ये पुरस्कार पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन क्षेत्रो में स्वास्थ्य, मानवाधिकार प्रोत्साहन, सक्रिय नागरिकता और समुदाय सेवा शामिल है। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। वीडियो संदेश में डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार केवल अंलकरण मात्र नहीं हैं, बल्कि प्रगतिशील और समावेशी भारत को मजबूत बनाने में युवा नेतृत्व का सम्मान हैं। दो हजार बाईस–तेईस के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। आज से इस महीने की पन्द्रह तारीख तक आवेदन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कृषि मंत्रालय की ओर से द्वीपसमूह में कृषि और बागवानी फसलों के लिए यूटी बीज उप–समिति का पुनर्गठन किया गया है। प्रशासन ने उप–समिति में बीज उत्पादकों, बीज व्यापारी और किसानों को शामिल करने का निर्णय लिया है। बीज अधिनियम उन्नीस सौ छियासठ के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मामलों पर राज्य सरकार को सलाह देने, समीक्षा करने के साथ समय–समय पर रिपोर्ट भेजने, प्रयोगशाला का निरीक्षण करने, शैक्षिक कार्यक्रम को संचालित करने, क्षेत्रों में उगाई जाने वाली फसलों की विभिन्न किस्मों की योजना बनाने और आवश्यक बीजों का आंकलन करने, फसलों की नई किस्मे जारी करने जैसे कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए उप–समिति का गठन किया गया है। इच्छुक बीज उत्पादक, बीज विक्रेता और किसान निर्धारित प्रपत्र में आवेदन फार्म भरकर पन्द्रह दिनों के भीतर कृषि निदेशक के पते पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चौरा, कर्ल्, ईस्ट ननकौड़ी, नारकोंडम, नॉर्थ पैसेज, पिलोमिलो, स्टीवर्ट स्ट्रेट, थिलांगचांग द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा चेन्नई को सौंपा है। चेन्नई की राष्ट्रीय वहनीय तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी कई कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने स्वास्थ्य सेवा निदेशक से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन ऑपरेटर की नियुक्ति के लिए अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने मशीन ऑपरेटर के न होने से स्थानीय मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाओं को होने वाली समस्याओं का जिक्र करते हुए कुशल मशीन ऑपरेटर की नियुक्ति का आग्रह किया है।

उधर, पार्टी अध्यक्ष ने कृषि निदेशक से भी स्थानीय किसानों के लिए आवश्यक कृषि संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय किसानों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान करने के लिए रियायती दरों पर संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्राता साहा की अध्यक्षता में हाल ही में संयुक्त कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एच आई वी केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक–आर्थिक तत्वों से प्रभावित भी है। इसके लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर डॉ. जहांआरा यास्मीन ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम के कार्यान्वयन और सोसाइटी की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के करीब अट्ठाईस प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्राता साहा की अध्यक्षता में हाल ही में संयुक्त कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एच आई वी केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक–आर्थिक तत्वों से प्रभावित भी है। इसके लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर डॉ. जहांआरा यास्मीन ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम के कार्यान्वयन और सोसाइटी की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के करीब अट्ठाईस प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा। आई टी आई डॉलीगंज में छः और सात नवम्बर को प्रशिक्षण सह प्लेसमेंट अभियान आयोजित की जाएगी। आई टी आई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार और दसवीं या बारहवीं पास पुरूष उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु अट्ठारह से चौंतीस वर्ष होनी चाहिए। यह निशुल्क प्रशिक्षण कांचीपुरम के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे संस्थान में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में गणित, अंग्रेजी और शारीरिक शिक्षा शिक्षक के एक–एक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। गणित और अंग्रेजी विषय के लिए चार वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम या स्नातक और दो वर्षीय बी एड डिग्री होना अनिवार्य है। उम्मीदवार को सीटीईटी पास होना चाहिए। आवेदन फार्म चार नवम्बर से स्कूल कार्यालय से जारी की जाएगी। उम्मीदवार तीस नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना में विभिन्न पदों के लिए द्वीपसमूह में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम में चार नवम्बर से दस नवम्बर तक बिहार और मद्रास बटालियन के लिए यह रैली चलेगी। बिहार बटालियन के लिए चार से सात नवम्बर तक और मद्रास बटालियन के लिए आठ से दस तारीख तक सुबह छः बजे से रैली का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह से बयालीस वर्ष के उम्मीदवार इसमें भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों का आठवीं पास होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

छोलदारी सब–डिविज़न के अंतर्गत एच टी लाईन को हटाने और रखरखाव का कार्य किए जाने के चलते कल टाइगर फीडर से बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक सीपीघाट, धन्नीखाड़ी, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्रांज, टुसनाबाद से तिरूर और नमूनाघर से डंडस प्वाइंट क्षेत्रों में की जाएगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

मोबाइल स्क्वायड और मन्नारघाट रेंज के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने कल पडॉक की लकड़ी ज़ब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर टीम ने स्टीवर्टगंज के एम. अशरफ नामक व्यक्ति के घर पर छापा मारकर एक सौ से अधिक चीरी हुई पडॉक की लकड़ी ज़ब्त की। आरोपी पर भारतीय वन अधिनियम उन्नीस सौ सत्ताईस के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह पूरा अभियान रेंज अधिकारी होसैया के नेतृत्व में चलाया गया। विभाग ने आम जनता से किसी भी प्रकार की वन और वन्य जीव अपराध से संबंधित घटना की सूचना देने को कहा है।

<><><><><><><>

रंगत पुलिस ने त्यौहार के मौसम में अवैध जुए पर अंकुश लगाने के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सब–इंस्पेक्टर माधब हलदार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीतापुर में छापामार दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पचास हजार से अधिक राशि ज़ब्त की गई। सभी आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

<><><><><><><>